राष्ट्रीय सेमिनार

मदरसों की इब्तिदायी तालीम के निसाब में यक्सानियत

Uniformity in Primary Level Curriculum in Madarsa Education

21 नवम्बर, 2009, स्थान–लखनऊ

REPORT

नालंदा

NALANDA
Seminar Report on
Uniformity in Primary Level Curriculum in Madarsa Education
'मदरसों की इब्तिदायी तालीम के निसाब में यक्सानियत'
21 नवंबर, 2009
सहभागी शिक्षण केन्द्र, लखनऊ

'हालिया सालों में मदरसों ने मस्जिदों, मंदिरों और चर्चों के मुकाबले जनता का ज्यादा ध्यान खींचा है। हो सकता है, इसके पीछे दूसरे मजहबों के आम लोगों की यह समझ हो कि कट्टरपन, इस्लामवाद और अतिवादी हिंसा मदरसों की वजह से है। इस गलतफहमी को दूर करने के लिये मदरसा षिक्षा के आधुनिकीकरण पर बहस चलाने तथा मदरसा षिक्षा, उससे निकलने वाले छात्रों और उनकी जिन्दगी की गुणवत्ता को व्यापक नजरिये से देखने की जरूरत है।

मदरसा षिक्षा की शुरुआत से ही एक पाठयक्रम चला आ रहा है जिसमें बहुत कम बदलाव हुये हैं। आज लाखों मुस्लिम बच्चे, खासकर गरीब परिवारों के बच्चे अपनी प्राथमिक और शायद एकमात्र औपचारिक षिक्षा इन मदरसों से प्राप्त कर रहे हैं। यहां केवल साहित्य, इस्लामी अध्ययन और सामाजिक विज्ञान की थोड़ी जानकारी दी जाती है। यह न केवल माता–पिता बल्कि षिक्षा से किसी प्रकार से जुड़े हर व्यक्ति की चिन्ता होनी चाहिये। आजकल रोजगार देने वालों की मांगों के अनुसार मदरसा छात्रों को मिलने वाली षिक्षा में बदलाव किये जाने चाहिये। इसे अब और टाला नहीं जा सकता है। यह काम मदरसों की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान में बिना कोई कमी किये पूरी तरह संभव है।' यह बात जामिया मिलिया इस्लामिया के डा. जसीम अहमद ने 'नालन्दा' द्वारा आयोजित सेमिनार में पेष अपने पर्चे में कही।

मकतब–मदरसा षिक्षा में सुधार के लिए कई साल से काम कर सही संस्था 'नालन्दा' ने 'मदरसों की इब्तिदाई तालीम के निसाब में यकसानियत' (मदरसों में प्राथमिक स्तर पर पाठ्यक्रम की समानता) विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 21 नवंबर, 2009 को सहभागी षिक्षण केन्द्र, लखनऊ में किया। सेमिनार में दो सत्रों में वक्ताओं ने अपने पर्चे प्रस्तुत किये। पहले सत्र में

जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली में वरिष्ठ लेक्चरर डा. मुजम्मिल हुसैन कासमी ने 'मदरसा षिक्षा में प्राथमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में सुधार' विषय पर अपना पर्चा पेष किया। डा. कासमी का मदरसा षिक्षा सुधार में अग्रणी योगदान है। जामिया मिलिया के ही डा. जसीम अहमद ने 'मदरसा में प्रारम्भिक पाठ्यक्रमीय क्षमतायें पहचानना, रचनात्मकता बढ़ाना व जीवन की नई दिषा तय करना' शीर्षक से अपना आलेख रखा। इसी सत्र में विक्रमषिला एजुकेषन रिसोर्स सोसायटी, कोलकाता से पधारी डा. मधुमिता ने पष्चिम बंगाल में मदरसा षिक्षा पर अपने अनुभवों को समेटते हुए 'मदरसों के प्राथमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में एकरूपता' पर अपना पर्चा पेष किया। इस सत्र की अध्यक्षता सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट, मुंबई की सुश्री रत्ना माथुर ने की। सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने सवाल पूछे जिनके जवाब वक्ताओं व सत्र अध्यक्ष ने दिये। दोपहर के भोजन के बाद दूसरा सत्र आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डा. मुज्जमिल हुसैन कासमी ने की। इस सत्र में दिल्ली विष्वविद्यालय के डा. नईमुल हसन ने 'मदरसा पाठ्यक्रम और आधुनिक युग की मांग' पर अपना आलेख पढ़ा। सत्र में लखनऊ के प्रख्यात लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री शकील सिद्धीकी ने 'मुष्किलों के बीच निसाब की यकसानियत' विषय पर हिन्दी में अपना आलेख प्रस्तुत किया। इसी सत्र में गुजरात से पधारे पी. टी. सी. कालेज, भावनगर के डा. हाजीभाई बादी ने 'गुजरात में प्राथमिक मदरसा पाठ्यक्रम' पर अपना पर्चा पेष किया। सत्र के अन्त में खुला सत्र रखा गया जिसमें प्रतिभागियों के सवालों का जवाब दोनों सत्रों के वक्ताओं ने दिया। इसके अलावा प्रतिभागियों ने भविष्य में कामकाज के अनेक मूल्यवान सुझाव भी दिये।

सेमिनार में विषिष्ट विद्वानों के साथ ही विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, मदरसों तथा नालन्दा मदरसा षिक्षा कार्यक्रम से जुड़े लगभग 65 प्रतिभागियों ने बड़े जोषोखरोष से हिस्सा लिया। स्वयंसेवी संस्थाओं में ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विसेज़, बेटी फाउंडेषन, लोकभारती, शाष्वत सहकारी संस्थान, सहारा वेलफेयर फाउंडेषन, विक्रमषिला एजुकेषन रिसोर्स सोसायटी, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट, आक्सफैम, प्रयत्न फाउंडेषन, प्रोएक्ट, आदि तथा मदरसा मोइनुल इस्लाम, मदरसा मदीनतुल उलूम, मदरसा दारुल उलूम, मदरसा अमीनुल कुरान, मदरसा रहमानिया, किंग जार्ज इंटर आदि कालेज के प्रतिनिधि शामिल थे। सेमिनार का संचालन नालन्दा में मदरसा षिक्षा कार्यक्रम के संयोजक एवं टीम लीडर मो0 आसिम सिद्दीकी ने किया। नालन्दा में मदरसा षिक्षा कार्यक्रम के उप–संयोजक मो0 हिदायतुल्ला, मदरसा कार्यक्रम के फील्ड स्टाफ व संस्था के अन्य कर्मचारियों ने सेमिनार के संचालन व प्रतिभागियों को सुविधायें दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान किया।

नालन्दा के प्रयास

सेमिनार के आरंभ में नालन्दा के कार्यकारी निदेषक श्री प्रभात झा ने विषिष्ट अतिथियों व सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने नालन्दा के कार्यों का उल्लेख करते हुए सेमिनार के उद्देष्यों पर प्रकाष डाला। श्री झा ने बताया कि गैर–सरकारी संस्था, 'नालन्दा' की स्थापना 1996 में प्राथमिक स्तर पर सभी बच्चों, खासकर गरीब तबके के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण षिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से की गई थी। संस्था 6–7 साल से मकतब–मदरसा षिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अरबी–फारसी मदरसा बोर्ड, उत्तर प्रदेष के अनुसार प्रदेष में लगभग 7000 मदरसे हैं जिनमें लगभग 1300 मान्यता प्राप्त हैं। प्रदेष सरकार द्वारा केवल 360 मदरसों को अनुदान दिया जा रहा है जबकि बाकी सभी समुदाय के सहयोग से चलते हैं। सरकार 6–14 साल के सभी बच्चों को षिक्षा उपलब्ध कराने हेतु चलाये जाने वाले सर्व षिक्षा अभियान के अंतर्गत 'मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम' द्वारा मदरसों को आधुनिक षिक्षा की परिधि में लाने की कोषिष कर रही है। श्री झा ने कहा कि नालन्दा ने मदरसों में दीनी तालीम के साथ दुनियाबी तालीम को शामिल कराने की बहुत कोषिषें की हैं जिनके नतीजे भी निकले हैं। खुषी की बात है कि बदलते समय की आवष्यकताओं को समझते हुए आज ज्यादातर मदरसे दीनी तालीम के साथ दुनियाबी तालीम पर ध्यान दे रहे हैं। कुछ बहुत छोटे मदरसे ही ऐसे बचे हैं जहां केवल दीनी तालीम दी जा रही है। हालांकि दुनियाबी विषयों जैसे हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, आदि को भी मुदर्रिस दीनी विषयों की तरह ही पढ़ाते हैं। इससे जहां बच्चों को गुणवत्तापूर्ण षिक्षा नहीं मिल पाती है वही इन विषयों पर उनका ध्यान भी कम रहता है। कुछ मदरसे सरकारी पाठ्यक्रम (निसाब) पर चलते हैं जबकि बाकी के अलग–अलग पाठ्यक्रम हैं। मदरसों में पढ़ाई जाने वाली किताबों में बाल केन्द्रित षिक्षण पद्धतियों को अनदेखा किया गया है। कुछ जगह बाजार की किताबों को ही पाठ्यक्रम मान कर पढ़ाया जा रहा है। मदरसों में अंग्रेजी के चलन में भी भिन्नता है तथा बच्चों पर भाषायें सीखने का दबाव भी है। इन सारी वजहों से बच्चों की दक्षताओं में भारी अन्तर है और षिक्षा की गुणवत्ता सुनिष्चित करने में दिक्कत आती है। इसके लिए मदरसों के पाठ्यक्रमों में एकरूपता लाना जरूरी है। हालांकि पाठ्यक्रमों में बदलाव की कोषिषें जारी हैं, पर इस मामले में काफी गलतफहमी और असमंजस की स्थिति है। जहां बहुत से लोगों को सरकार द्वारा दीनी तालीम में दखलंदाजी का डर सता रहा है वहीं अलग–अलग इस्लामी मसलक भी मदरसा षिक्षा पर अपनी खास छाप छोड़ना चाहते हैं। आज अगर मानक पाठ्यक्रम सभी मदरसों में लागू न हुआ तो मदरसों के बच्चे पीछे छूट जांयेगे। इस दिषा में बहुत सी संस्थायें काम कर रही हैं और देष के कई राज्यों में काफी काम हुआ है। इन प्रयासों और अनुभवों का साझा करने के लिए ही नालन्दा ने यह सेमिनार आयोजित किया है। सेमिनार के माध्यम से इस क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं, विषेषज्ञों, मदरसा षिक्षकों तथा मदरसों के इंतजामिया के बीच एक नेटवर्क बनाने के प्रयास भी किये जाने चाहिये। नालन्दा, मुस्लिम समुदाय द्वारा चलाये जा रहे मकतब–मदरसों में गुणवत्तापूर्ण षिक्षा की ओर सरकार का भी ध्यान खींचना चाहती है। इसके पहले 'नालन्दा' 30 अगस्त, 2008 को 'मकतब–मदरसा में प्राथमिक षिक्षा के सुदृढ़ीकरण' पर एक राष्ट्रीय सेमिनार और कई क्षेत्रीय सेमिनारों का आयोजन कर चुकी है। नालन्दा ने बच्चों के लिए षिक्षण सामग्री व मदरसा षिक्षकों के प्रषिक्षण हेतु सामग्री भी तैयार की है।

श्री प्रभात झा के स्वागत भाषण के बाद नालन्दा में मदरसा षिक्षा कार्यक्रम के संयोजक श्री आसिम सिद्दीकी ने प्रतिभागियों को नालन्दा द्वारा किये गए प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी दी। नालन्दा, मुस्लिम समुदाय को प्राथमिक षिक्षा की जरूरत के प्रति जागरूक करते हुए मकतब–मदरसों में गुणवत्ता पूर्ण षिक्षा दिलाने के लिए प्रभावी तंत्र तैयार करने में अपनी भूमिका अदा करती रही है। नालन्दा ने बाराबंकी, सीतापुर एव बहराइच जिलों के 19 ब्लाकों के 324 मकतब–मदरसों तक अपनी पहुंच बनाई है। 33 क्लस्टर बना कर उसने 1767 षिक्षकों को प्रषिक्षण दिया तथा प्रषिक्षण माड्यूल 'आगाज़' व 'तष्कील' तैयार किये व 'परवाज़' का नया संषोधित संस्करण निकाला। मदरसों में गहन रूप से काम करने के लिए 20 मदरसे चुने गये। इन मदरसों के लिए संदर्भ समूह विकसित करने के प्रयास जारी है जिसमें 18 व्यक्तियों का चयन कर उनकी क्षमतायें बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। विषेषज्ञ के रूप में तैयार करने के लिए इनको तीन चरणों का प्रषिक्षण दिया गया। संदर्भ समूह विकास के लिए 'हमकदम–1', 'हमकदम–2' व 'हमकदम–3' प्रषिक्षण माड्यूल तैयार किये गये। नालन्दा ने बच्चों के लिए अच्छी किताबें प्रकाषित की हैं जिनमें कक्षा 1 व 2 के लिए उर्दू भाषा व हिसाब की 'अपनी किताब' व उर्दू में 5 चित्रात्मक कहानी पुस्तकें शामिल हैं। मदरसों के बच्चों में पाठ्येत्तर गतिविधियों के लिए भी नालन्दा प्रयास करती रहती है। इस दिषा में 500 बच्चों के साथ रचनात्मक लेखन कार्यषाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी जुबान और चित्रों के माध्यम से अपने परिवेष को सबके सामने रखा है। इस प्रयास में विभिन्न मदरसों के बच्चों ने 30 बाल पत्रिकाओं का निर्माण किया। मदरसों की आवष्यकतायें समझने के लिए एक अध्ययन किया गया तथा दूसरे राज्यों में चल रहे काम को देखने के लिए संदर्भ समूह एवं मदरसा षिक्षा कार्यक्रम से जुड़े 30 सदस्य विक्रमषिला, कोलकाता एवं सार्ड, भरतपुर के मदरसा कार्यक्रम देखने गये। श्री आसिम सिद्दीकी ने बड़ी बेबाकी से कहा कि मदरसे अपनी शैक्षिक स्थिति में सुधार लाना चाहते हैं, पर अषिक्षा और संकुचित विचार इसमें बड़ी बाधा हैं।

पाठ्यक्रम सुधार के अनुभव

पहले सत्र के प्रथम वक्ता डा. मुजम्मिल हुसैन कासमी जामिया मिलिया में मदरसा षिक्षा पर 11 सालों से काम कर रहे हैं। अपने आलेख में उन्होंने देष भर में मदरसों की तस्वीर सामने रखते हुए उनके पाठ्यक्रम में सुधार के अपने अनुभव बताये। उन्होंने कहा, 'मदरसे, भारत में मुस्लिम समुदाय की जिन्दगी हैं।..... आज षिक्षा की मदरसा व्यवस्था पष्चिम, मध्य और दक्षिण एषिया के बड़े हिस्सों में प्रचलित है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अनुसार असोम में 721 मदरसे 1,20,000 बच्चों को, गुजरात में 1825 मदरसे 1,20,000 से ज्यादा बच्चों को, कर्नाटक में 961 मदरसे 84,864 बच्चों को, केरल में 9975 मदरसे 7,38,000 बच्चों को, मध्य प्रदेष में 6000 से ज्यादा मदरसे 4,00,000 बच्चों को और राजस्थान में लगभग 1780 मदरसे 4,00,000 से ज्यादा बच्चों को षिक्षा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेष में मकतबों की संख्या 15,000 और मदरसों की संख्या 10,000 से ज्यादा है। इसी तरह बिहार में 3500 मदरसे हैं। भारत के दूसरे राज्यों में भी लगभग यही स्थिति है। केरल के कुछ हिस्सों को छोड़कर बाकी मदरसे केवल मुस्लिम बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। अपनी शुरुआत से ही मदरसे एक पाठ्यक्रम पर चल रहे हैं और इसमें बहुत कम बदलाव आये हैं। हकीकत यह है कि आज लाखों मुस्लिम बच्चे अपनी प्राथमिक और शायद एकमात्र औपचारिक षिक्षा इन मदरसों में पा रहे हैं जहां केवल साहित्य, इस्लामी अध्ययन और सामाजिक विज्ञानों की हल्की–फुल्की जानकारी दी जाती है। रोजगार की बदलती जरूरतों को देखते हुए मदरसों में बच्चों की षिक्षा का स्वरूप बदला जाना चाहिये।.....भले ही मदरसों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कुछ विद्वान पैदा किये हों, पर आज उनके ज्यादातर छात्र बेरोजगार रह जाते हैं।.....केवल मुसलमानों को ही देष की षिक्षा व्यवस्था में कमजोरियों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को षिक्षा देने वाले सरकारी स्कूल किसी भी लिहाज से षिक्षा के आदर्ष साधन नहीं कहे जा सकते हैं। इसी तरह मदरसों के बारे में बनी नकारात्मक छवि भी पूरी तरह ठीक नहीं है। मदरसा षिक्षा में सुधार का विचार नया नहीं है। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने खुद रांची में मदरसा इस्लामिया स्थापित किया था जहां उन्होंने अंग्रेजी की सख्त मुखालिफत के बावजूद अंग्रेजी और गणित को पाठ्यक्रम में शामिल किया था। मौलाना आजाद ने यह कोषिष 1913 में की थी।'

कासमी साहब ने प्रतिभागियों को बताया कि उन्होंने अपने कामकाज के दौरान 380 मदरसों का सर्वेक्षण किया और दीनी व दुनियाबी तालीम को एकसाथ लाने की कोषिषें जारी रखीं। मदरसा षिक्षकों के 21 दिन के प्रषिक्षण में दीनी तालीम को भी बेहतर तरीके से पढ़ाने के प्रयास किये

गये। इन कोषिषों के नतीजे 2–3 साल बाद निकले। हमने मदरसा आधुनिकीकरण कार्यक्रम पर भी काम किया जिससे षिक्षकों की गिनती बढ़ी और इसने बाकी के लिए एक उत्प्रेरक (कैटलिस्ट) का काम किया। आज 254 मदरसों में हिन्दी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित काफी हद तक पढ़ाई जाने लगी है। रिहाइषी मदरसों में बच्चों के पूरे समय रहने की वजह से ज्यादा अच्छा काम हुआ। जामिया मिलिया ने मदरसा षिक्षा के बारे में उलमा की कार्यषाला भी आयोजित की जिसमें कुछ ने तो नये पाठ्यक्रम की जरूरत बताई, पर कुछ ने उनको अपने हाल पर छोड़ देने को भी कहा। अपने पर्चे में कासमी साहब ने मदरसों के अपने सर्वेक्षण के विस्तृत आंकड़े भी दिये। उन्होंने यह भी मंजूर किया कि वस्तानिया (मिडिल) स्तर पर मदरसों में दीनी तालीम के बोझ की वजह से गणित, हिन्दी, अंग्रेजी और पर्यावरण अध्ययन को ठीक से शामिल नहीं किया जा सका है। अपने सर्वेक्षण आंकड़ों से उन्होंने यह भी दिखाया कि दीनी तालीम में यकसानियत के दावों के बावजूद मदरसों में इनका पाठ्यक्रम अलग–अलग है। उन्होंने नतीजा निकाला कि मदरसे साक्षरता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं और धीरे–धीरे आधुनिक षिक्षा की तरफ झुक रहे हैं। इसका मतलब है कि इनको चलाने वाले, मुसलमानों की समाजी और आर्थिक जरूरतें समझ रहे हैं। मदरसों को सेक्युलर और आधुनिक षिक्षा देने तथा मुस्लिम अवाम को जिन्दगी के हर क्षेत्र में भागीदारी दिलाने का माध्यम बनाया जा सकता है। मदरसा आधुनिकीकरण द्वारा पूरे मुस्लिम अवाम का सषक्तीकरण संभव है। उन्होंने मदरसों के सामने आने वाली दिक्कतें भी बताईं। इनमें आधुनिक विषय पढ़ाने वाले योग्य षिक्षकों की कमी, दिल्ली की उर्दू अकादमी द्वारा ठेके पर दिये षिक्षकों का गंभीर न होना, विज्ञान एवं गणित में उर्दू भाषा में षिक्षण–प्रषिक्षण सामग्री का अभाव, कंप्यूटर चलाने के लिए तकनीकी लोगों की कमी तथा मदरसा षिक्षा मूल्यांकन का समुचित तरीका न होना, आदि शामिल हैं।

डा. कासमी ने अपने पर्चे में केन्द्र व राज्य सरकारों से मदरसा षिक्षा को मिलने वाली सुविधाओं का जिक्र भी किया। इसमें अल्पसंख्यकों में षिक्षा पर निगरानी रखने वाली समिति (एनएमसीएमई) द्वारा मदरसा षिक्षा पर विषेषज्ञ समिति गठित करना तथा उसके आधार पर ऐच्छिक मदरसों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआईओएस) से जोड़ना शामिल है। इससे मदरसे अपनी परपरंगत पढ़ाई पर असर डाले बिना आधुनिक विषयों के साथ–साथ व्यावसायिक षिक्षा भी दे सकते हैं। एनसीईआरटी भी अल्पसंख्यक प्रबंधन वाले स्कूलों के प्रधानाचार्यों/ षिक्षकों के लिए सेमिनार और प्रषिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। एनसीईआरटी के क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं जिनमें अब तक 450 प्रधानाचार्य और 950 षिक्षक प्रषिक्षण ले चुके हैं। कासमी साहब ने स्वयंसेवी संस्थाओं से अपील की कि वे समाज के कमजोर तबकों तथा नस्ली, समाजी, लैंगिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व भाषाई अल्पसंख्यकों समेत सभी बच्चों की गुणवत्तापूर्ण षिक्षा तक पहुंच सुनिष्चित करने के प्रयासों को मजबूत करें। बच्चों को लोकतांत्रिक नागरिक बनाने के लिए षिक्षा तथा लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण आयाम के प्रति जनता में जागरूकता पैदा करनी चाहिये। उन्होंने विष्वास व्यक्त किया कि एनजीओ अपने प्रयासों से नागरिक भागीदारी बढ़ा कर प्रभावी, ज्ञानवान व प्रतिबद्ध नागरिक तैयार कर सकते हैं। पर्चा प्रस्तुत करने के बाद प्रतिभागियों के सवालों के जवाब में उन्होंने बताया कि दीनी तालीम देने में हम मसलकी मतभेद की तरफ ध्यान नहीं देते हैं। हम सारे मसलकों की दीनी राय बच्चों के सामने रखते हैं और उनको पसंद करने का मौका देते हैं। हमें बच्चों को खोज करने की इजाजत देनी चाहिये। मदरसों में व्यावसायिक षिक्षा के भी कुछ माडल हमारे पास हैं। बच्चों को

हस्तषिल्प के जरिये भी षिक्षा दी जा सकती है जो गांधीजी का नजरिया था। उन्होंने यह भी बताया कि मदरसों के केरल माडल में औपचारिक स्कूली पढ़ाई भी शामिल है। वहां सवेरे मदरसा चलता है और दिन में उसी परिसर में औपचारिक स्कूल, पर हमारे यहां स्कूलों की बदलती षिफ्ट की वजह से यह काम नहीं हो पाता है।

पश्चिम बंगाल की स्थिति

विक्रमषिला, कोलकाता से आई विषिष्ट अतिथि सुश्री मधुमिता ने पष्चिम बंगाल में मदरसों की स्थिति व अपने संगठन की भूमिका बताते हुए 'प्राथमिक स्तर पर मदरसों में पाठ्यक्रम की एकरूपता' विषय पर अपना पर्चा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मदरसे षिक्षा तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं क्योंकि उनकी पहुंच समाज के सबसे गरीब अल्पसंख्यक तबके तक है। मदरसे उन गरीब बच्चों को षिक्षा के साथ रहने की जगह देकर एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य कर रहे हैं जो ऐसा न होने पर शायद जबरिया मजदूरी, जबरन वेष्यावृत्ति या दूसरे किस्म के शोषण का षिकार हो सकते थे। विक्रमषिला, देष के सभी बच्चों हेतु गुणवत्तापूर्ण षिक्षा के लिए एक संसाधन केन्द्र के तौर पर काम करती रही है। वह पिछले 10 साल से मदरसा षिक्षा में काम कर रही है क्योंकि पष्चिम बंगाल में मुस्लिम कुल जनसंख्या का 27 प्रतिषत हैं जबकि औपचारिक रोजगार क्षेत्र में उनका हिस्सा केवल 5 प्रतिषत है। वैसे भी 2001 के जनगणना आंकड़े भारत में मुसलमानों के आर्थिक व शैक्षिक पिछड़ेपन को सामने लाते हैं। इनके अनुसार मुसलमानों में पुरुष साक्षरता 59 प्रतिषत तथा महिला साक्षरता 49 प्रतिषत है। पष्चिम बंगाल के मुस्लिम समाज में आमतौर पर अपने अलग–थलग पड़ने की भावना घर कर गई है। जैसा कि सच्चर समिति ने भी बताया है कि सर्वषिक्षा अभियान के फायदे मुस्लिम समाज को दूसरों की तरह नहीं मिल पाये हैं। षिक्षा में मुस्लिम बच्चों की भागीदारी प्राथमिक तथा उससे ऊपर के स्तर पर बहुत कम है। मदरसों में भी बच्चे टिक नहीं पाते हैं। यहां तक कि मदरसों में कक्षा 5 से कक्षा 10 तक आते–आते 65 से 70 प्रतिषत बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। पष्चिम बंगाल में मदरसा षिक्षा के लिए अलग बोर्ड है और यह देष में अकेला राज्य है जहां अलग मदरसा षिक्षा निदेषालय है। इसके अंतर्गत 560 औपचारिक सेकेन्ड्री स्कूल हैं जिनको हाई मदरसा तथा 400 हायर सेकेन्ड्री स्कूलों को सीनियर मदरसा कहा जाता है। हालांकि इन मदरसों को नियमित समकक्ष स्कूलों के बराबर स्तर दिया गया है, पर असलियत में आगे पढ़ाई या नौकरी के मामले में इनसे निकलने वाले बच्चों के साथ भेदभाव होता है। विक्रमषिला, मदरसा बोर्ड के साथ मिल कर राज्य के दूसरे स्कूलों के बच्चों की तरह इनको गुणवत्तापूर्ण षिक्षा दिलाने

के प्रयास कर रही है। पष्चिम बंगाल सरकार द्वारा मदरसों का समर्थन इस मायने में खास है कि वहां पिछले 20 साल से आधुनिक पाठ्यक्रम चल रहा है और कुछ में तो सह–षिक्षा भी है। कुछ मदरसों में गैर–मुस्लिम बच्चे भी पढ़ने आते हैं और गैर–मुस्लिमों को षिक्षक की नौकरी भी मिली है। सरकार अब अंग्रेजी माध्यम के मदरसे खोलने की योजना बना रही है। यहां निजी मदरसे सरकारी नियंत्रण से बाहर हैं, पर पिछले कुछ महीनों से इनको आर्थिक सहायता तथा मान्यता देने के प्रयास भी हो रहे हैं। सुश्री मधुमिता के अनुसार, पष्चिम बंगाल में मुस्लिम समाज के सबसे कट्टर तबकों की सोच में भी बदलाव आया है और वे मदरसों में दीनी तालीम के साथ दुनियाबी तालीम के पैरोकार हो गये हैं। मदरसों में रोज दो घंटे का समय आधुनिक षिक्षा के लिए अलग रखा गया है जिसमें राज्य की भाषा बांग्ला, अंग्रेजी और गणित पढ़ाई जाती है। इसे आधुनिक दुनिया में बच्चों के आगे बढ़ने के लिए जरूरी माना जाता है।

पष्चिम बंगाल में मदरसों की अनेक कठिनाइयां भी हैं। यहां आधुनिक षिक्षा के लिए एक या दो षिक्षक ही होते हैं इसलिये वे थोड़े समय में विभिन्न दर्जों के इतने ज्यादा बच्चों को अनेक विषय नहीं पढ़ा सकते हैं। इस प्रकार की पढ़ाई के लिए विषेष कौषल की आवष्यकता है। विक्रमषिला, षिक्षकों के प्रषिक्षण तथा षिक्षण प्रषिक्षण सामग्री तैयार करने में सहायता कर रही है। सुश्री मधुमिता ने अपने पर्चे में ऐसी कुछ षिक्षण तकनीकों व षिक्षण सामग्री की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। विक्रमषिला, मदरसों की आवष्यकतानुसार आधुनिक विषयों के लिए एक पाठ्यक्रम तैयार करने में सहायता कर रही है। ऐसा करना उच्च षिक्षा के विकल्प खुले रखने के लिए जरूरी है। विक्रमषिला ने राज्य सरकार के पाठ्यक्रम के आधार पर, पढ़ाई के सीमित समय को देखते हुए एक परिवर्तित पाठ्यक्रम तैयार किया है। कक्षा 1 से 4 तक के लिए असरदार षिक्षण प्रषिक्षण सामग्री भी तैयार की गई है। अब तक संस्था ने 500 षिक्षकों को प्रषिक्षित किया है तथा कक्षा 1 से 4 तक छात्रों के लिए अंग्रेजी, बांग्ला व गणित की अभ्यास पुस्तिकायें भी तैयार की हैं। सुश्री मधुमिता ने स्वीकार किया कि निजी (खारिजी) मदरसे कुछ हद तक बहुत ज्यादा औपचारिक षिक्षा लागू करने के बारे में असमंजस की स्थिति में हैं, पर हमें इस सवाल से मुठभेड़ करनी होगी। निजी मदरसों में औपचारिक पाठ्यक्रम शामिल करते हुए हम उनकी खास पहचान और मौजूदगी की वजहों के प्रति बहुत संवेदनषील रहे हैं। उन्होंने मदरसा पाठ्यक्रम में एकरूपता पर बात करते हुए साफ किया कि इसका मतलब मानकीकरण या निजी मदरसों पर पूरे पाठ्यक्रम का भार डालना नहीं समझा जाना चाहिये। इससे बच्चों पर अनावष्यक बोझ पड़ेगा। राज्य सरकारों द्वारा चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों की विषयवस्तु पर गौर करना तथा सामग्री के चयन पर ध्यान देना जरूरी है। मदरसा पाठ्यक्रमों में एकरूपता, परस्पर संबंध बनाने के लिए जरूरी है, पर ध्यान रखना चाहिये कि मदरसों से बहुत ज्यादा मांग करने की स्थिति में यह उनके और ज्यादा अलग–थलग पड़ने का कारण भी बन सकता है।

बदलाव की जरूरत

पहले सत्र के तीसरे वक्ता, जामिया मिलिया के डा. जसीम अहमद ने अपने पर्चे में मदरसा षिक्षा की क्षमतायें पहचानने, उसमें रचनात्मकता जोड़ने तथा बच्चों को जीवन की नई दिषा देने की बातें विस्तार से रखीं। उनके अनुसार, 'मदरसों को निजीकरण और वैष्वीकरण की मौजूदा दुनिया में बदलाव की जरूरत समझनी चाहिये। नौकरी देने वालों ने खास जरूरतें तय कर रखी हैं और मदरसों का वर्तमान षिक्षा तंत्र ये जरूरतें पूरी नहीं कर पाता है। आज नौकरी चाहने वाले लोगों में बहुत गतिषील व्यक्तित्व जरूरी समझा जाता है, जिनमें कुछ नया बताने और बनाने की योग्यता हो। आने वाले दिनों में आर्थिक दिक्कतों के साथ ही वैष्विक व निजी क्षेत्र से प्रतियोगिता में कमी होने वाली नहीं है।.....मौजूदा माहौल में जिन्दा रहने और भविष्य की जरूरतों से निबटने के लिए मदरसों को अपने छात्रों तक समकालीन षिक्षा पहुंचाने के तरीके खोजने होंगे। यह समय प्रतियोगिता तथा सबसे बेहतरीन के बचे रहने (डार्विन का सिद्धान्त) का है, इसलिये मदरसों समेत सारे षिक्षण संस्थानों को ऐसे नागरिक तैयार करने की जरूरत है जो प्रतियोगिता का मुकाबला कर सकें और सिद्ध कर सकें कि वे बदलते माहौल में बेहतरीन हैं।'

अपने पर्चे में डा. जसीम ने मौजूदा हालात और मदरसों के कामकाज का विष्लेषण करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सवाल उठाये–

1. क्या मदरसा समितियों का भारतीय मुसलमानों की मौजूदा आर्थिक व समाजी जरूरतों के बारे में नजरिया साफ है? क्या मदरसों तथा उसके उत्पादों (छात्रों) के भविष्य के बारे में उनकी समझ साफ है?
2. क्या वे उनकी षिक्षा योजना में सकारात्मक भूमिका अदा कर रहे हैं?
3. क्या मदरसों को सेक्युलर और आधुनिक ज्ञान फैलाने के माध्यम में बदला जा सकता है ताकि नागरिक समाज में मुसलमानों की सहभागिता बढ़ सके?
4. क्या मदरसे के उत्पादों (छात्रों) के जीवन की गुणवत्ता का स्तर संतोषजनक होता है?
5. क्या मदरसों के आधुनिकीकरण से पूरे समाज का सषक्तीकरण संभव है?'

उन्होंने अपने पर्चे में इन सवालों का जवाब देने की भी कोषिष की और सीखने के रास्ते में आगे बढ़ने के लिए छात्रों में वैज्ञानिक खोज की भावना पैदा करने पर जोर दिया। यदि मदरसों में विज्ञान और गणित की षिक्षा को बढ़ावा दिया जाये तो यह षिक्षा को ज्यादा सार्थक बना सकता

है। विज्ञान, गणित और कंप्यूटर जैसे आधुनिक विषय पढ़ाने से दिमाग खुलता है तथा बच्चों में तार्किकता, रचनात्मकता व विष्लेषण क्षमता का विकास होता है। यह सारी चीजें आधुनिक व निजीकरण के युग में व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण अंग हैं।

जसीम साहब ने जिक्र किया कि सर सैय्यद अहमद खां ने 1857 में अलीगढ़ में मदरसतुल उलूम की स्थापना की थी, जिसकी हिन्दुस्तानी मुसलमानों की जिन्दगी और 1857 के सिपाही विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका रही। सर सैय्यद अहमद खां को मुसलमानों की हालत पर दुख था और वे अच्छी तरह समझ रहे थे कि मुसलमान पष्चिमी विज्ञानों और दर्षन की दुनिया में होने वाली तमाम तरक्कियों से अपरिचित थे। उन्होंने मुसलमानों से समकालीन षिक्षा पाने और अंग्रेजी जुबान सीखने की अपील की थी। उल्लेखनीय है कि उस समय मुसलमानों के कट्टरपंथी तबके अंग्रेजी का विरोध करते थे। सर सैय्यद ने मिषनरी भावना से ऐसा मदरसा स्थापित किया जहां मुस्लिम नौजवानों को अपने भविष्य के बारे में निष्चित दिषानिर्देष मिल सके। 'दीन' और 'दुनिया' को संतुलित करने की इस्लामी अवधारणा पर चलते हुए उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में सारी बाधाओं का मुकाबला किया। उनका लक्ष्य ऐसे संस्थान की स्थापना करना था जहां पूर्वी और पष्चिमी धार्मिक षिक्षा को वैज्ञानिक षिक्षा से जोड़ा जाये। उनके अनुसार, उस समय हिन्दुस्तानी मुसलमानों के लिए न केवल इस्लाम की जानकारी बल्कि तर्कषास्त्र और दर्षन भी जरूरी था। 1864 में मुसलमानों को पष्चिमी विज्ञान से परिचित कराने के लिए उन्होंने गाजीपुर में साइंटिफिक सोसायटी की स्थापना की थी। सैय्यद अहमद की लगातार बदलाव की अवधारणा ने मुसलमानों को बहुत फायदा पहुंचाया और मदरसतुल उलूम 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम विष्वविद्यालय बन गया। यहां से निकले छात्रों ने दुनिया भर में संस्था को अत्यधिक सम्मान दिलाया है। मदरसतुल उलूम का अनुभव आज भी महत्वपूर्ण है, पर बाद में ज्यादातर मदरसे इस लाइन पर नहीं चले। मौजूदा समय में मदरसा चलाने वालों में सकारात्मक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि वे केवल इस्लामी विद्वान ही न पैदा करें बल्कि सभी क्षेत्रों में काम करने वाले आधुनिक विद्वान भी तैयार करें। ऐसा करने से ही मुसलमानों की छिपी क्षमतायें सामने आयेंगी और वे अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर जगह पाकर राष्ट्रीय विकास में योगदान कर सकेंगे।

डा. जसीम अहमद ने मदरसा षिक्षा का एक माडल पाठ्यक्रम की अवधारणा भी पेष किया जिसमें इस्लामी षिक्षा–35 प्रतिषत, गणित व विज्ञान– 25 प्रतिषत, सामाजिक विज्ञान–20 प्रतिषत तथा भाषा को 20 प्रतिषत स्थान मिलना चाहिये। उन्होंने कार्य आधारित सीखने पर जोर दिया जिसके लिए बेहतर षिक्षक–छात्र संबंध सबसे जरूरी हैं। उन्होंने बच्चों के लिए खेल गतिविधि, शैक्षिक खेल, शैक्षणिक यात्रा, नाटक करने, खोजने व समस्या हल करने के दृष्टिकोण, खुले तथा बच्चों की रचनात्मकता सामने लाने वाले व प्रतियोगितात्मक माहौल देने की पुरजोर पैरवी की।

प्रथम सत्र की अध्यक्षता कर रही सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट, मुंबई की सुश्री रत्ना माथुर ने अपने संक्षिप्त संबोधन में आषा प्रकट की कि षिक्षा अधिकार कानून लागू होने के बाद प्राथमिक षिक्षा की स्थिति में सुधार आयेगा। उन्होंने विद्वान वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत आलेखों को बहुत महत्वपूर्ण बताया तथा नालन्दा को मदरसों के बीच बेहतर सोच बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बहुत से मदरसों में बेहतर पढ़ाई हो रही है और अब मदरसों को लड़कियों की षिक्षा के

मामले में भी बड़े पैमाने पर सामने आना चाहिये। लड़कियों की षिक्षा के खास सवाल भी सामने आने चाहिये। षिक्षा की गुणवत्ता लड़कों की तरह लड़कियों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। लड़कियों के व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करने के प्रयास होने चाहिये। सुश्री माथुर ने माना कि सरकारी षिक्षा के ढांचे में बहुत सी चीजें शामिल नहीं हैं जिनको पूरा करने में षिक्षाषास्त्री और षिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे स्वयंसेवी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सुश्री रत्ना माथुर ने अपनी संस्था की ओर से ऐसे प्रयासों के लिए भविष्य में भी सहायता का आष्वासन दिया। गौरतलब है कि इस सेमिनार का वित्तपोषण सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट ने किया था।

प्रतिभागियों से संवाद

प्रथम सत्र के अन्त में प्रतिभागियों ने अनेक सवाल पूछे जिनका वक्ताओं ने जवाब दिया। लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता शकील सिद्धीकी ने पूछा कि एनसीईआरटी मदरसा षिक्षा के लिए क्या कर रही है? मदरसा षिक्षा में अलग–अलग मसलकों के बीच संतुलन कैसे बनाया जाये? तथा मदरसा पाठ्यक्रम में क्षेत्रीय भाषाओं के लिए कितनी जगह बचेगी? डा. मुजम्मिल हुसैन कासमी ने इसके जवाब में बताया कि एनसीईआरटी मदरसा षिक्षा पर लगातार सेमिनार कर रही है और हाल ही में उसने दसवां सेमिनार किया है। वह सभी मदरसों की स्थिति का अध्ययन कर उनमें साझा लाभदायक चीजों की तलाष कर रही है। जहां तक इस्लाम के अलग–अलग मसलकों के बीच मतभेदों का मामला है तो बेहतर है कि शुरुआती स्तर पर सभी मसलकों की चीजें बता देनी चाहिये। जहां तक क्षेत्रीय भाषाओं का सवाल है तो एनसीईआरटी चाहती है कि पांचवे दर्जे तक की षिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिये। मदरसा षिक्षा से लंबे समय से जुड़े रहे।

मदरसा दारूल उलूम बाराबंकी के प्रधानाचार्य अब्दुल रज्जाक नदवी ने अपनी राय सामने रखते हुए कहा कि मदरसा प्रबंधकों की सोच बदलना बहुत जरूरी है। अगर वे चाहें तो पाठ्यक्रम में एकरूपता हो सकती है। इस समय उत्तर प्रदेष में कई पाठ्यक्रम चल रहे हैं। क्या इस बारे में मदरसा प्रबंधकों की बैठक बुलाई जा सकती है? उन्होंने नालंदा का षुक्रिया अदा करते हुए खुषी जाहिर की कि दुनियाबी तालीम के बारे में मदरसों में समझ बेहतर हो रही है जिसमें नालन्दा जैसी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। डा. जसीम अहमद ने अपने जवाब में स्वीकार किया कि मदरसों से बहुत से सफल लोग निकले हैं, पर इसकी वजह यह है कि मदरसों से निकलने के बाद वे दुनियाबी हुनरों की ओर गये। उन्होंने ऐसे सफल लोगों के कई उदाहरण भी दिये। मसलकों के बीच मतभेदों के बारे में उनका कहना था कि मसलकों के बारे में बाद में बताया जा सकता है, पर शुरुआती सतह पर इस्लाम की मूलभूत जानकारियां दी जानी चाहिये जिनके बारे में कोई

मसलकी मतभेद नहीं हैं। प्रयत्न फाउंडेषन की नाहीद ने कहा कि मदरसों में आने वाले बच्चों के मां–बाप बहुत गरीब होते हैं और मदरसों के काम काज के बारे में कोई प्रचार भी नहीं होता है। मदरसे में आने वाले बच्चों के मां–बाप से संबंध बनाये रखने चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार और अमीर लोगों की तरफ से मदरसों को पैसा मिलता है, पर वे उसका ठीक से फायदा नहीं उठा पाते हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि लड़कियों के लिए कितने मदरसे हैं? उनकी तालीम के बारे में क्या सोचना है? अपने जवाब में सुश्री रत्ना माथुर ने समाज में व्याप्त पुरुषवादी नजरिये पर प्रकाष डाला जिसका असर हर तबके पर पड़ता है। यही वजह है कि जहां गरीब से गरीब आदमी पैसा खर्च करके लड़कों को प्राइवेट स्कूलों में भेजता है वहीं लड़कियों को मदरसे में भेजता है। उन्होंने यह भी बताया कि लड़कियों के लिए मदरसे बहुत कम हैं पर अब उनकी गिनती बढ़ रही है। बेटी फाउंडेषन के खजान सिंह ने कहा कि षिक्षा को केवल मानव पूंजी या उद्योगों के उत्पादों की तरह नहीं देखा जाना चाहिये। यह नजरिया ठीक नहीं है। बच्चों में वैज्ञानिक मिजाज का विकास करने की कोषिषें होनी चाहिये और इस दिषा में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ने काफी काम किया है। डा. जसीम अहमद ने अपने जवाब में कहा कि आज दुनिया भर में भौतिकवादी दृष्टिकोण फैल गया है और षिक्षा को ज्यादातर उत्पाद के विचार से ही देखा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि औसतन सभी बच्चों का जेहन एक समान होता है। विज्ञान की षिक्षा को सामाजिक षिक्षा से भी जोड़ा जा सकता है जैसे हवा में अलग–अलग गैसें होती हैं और उनका सही मिश्रण ही सबके लिये लाभदायक होता है। भले ही आक्सीजन और कार्बन डाई आक्साइड की तुलना में नाइट्रोजन की मात्रा बहुत होती है पर आक्सीजन की थोड़ी कमी या कार्बन डाई आक्साइड की थोड़ी बढ़ोत्तरी हमारी जिन्दगी को मुसीबत में डाल देती है, यही हालत समाज में रहने वाले अलग–अलग तबकों की है जिनके बीच आपसी दोस्ती और शांति जरूरी है।

नालन्दा के आसिम सिद्दीकी ने विक्रमषिला की सुश्री मधुमिता से पूछा कि पष्चिम बंगाल के सरकारी मदरसों में दीनी तालीम का क्या नज्म है? वहां अरबी को केवल भाषा के तौर पर पढ़ाया जाता है? क्या इन्हें मदरसा कहा जा सकता है? दूसरा प्रष्न यह है कि जो छोटे मदरसे अपने खुद के संसाधन से चल रहे हैं उनके लिए विक्रमषिला क्या कर रही है? सुश्री मधुमिता ने बताया कि सरकारी मदरसों में केवल सरकारी पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है जिसमें दीनी तालीम शामिल नहीं है। सरकार निजी मदरसों की कोई मदद नहीं कर रही है। हमारी संस्था षिक्षक प्रषिक्षण तथा छोटे मदरसों की हालत सुधारने पर जोर दे रही है। सरकारी मदरसों में सहषिक्षा है। अफ्सोस की बात है कि प्राइवेट मदरसों में लड़कियां बिल्कुल नहीं जाती हैं और समाज के सबसे गरीब तबके में लड़कियों को पढ़ने ही नहीं भेजा जाता है।

गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ के प्रो. एस. एस. ए. जाफरी लंबे समय से प्रदेष में मुस्लिम समाज की आर्थिक व समाजी स्थितियों के अध्ययन और मदरसा षिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयासों में लगे रहे हैं। उन्होंने आयोजकों और प्रतिभागियों से वादा किया कि वे जल्द ही मदरसा षिक्षा के प्रभाव पर एक अध्ययन करके सबके सामने लायेंगे। उन्होंने मदरसा आधुनिकीकरण की सफलता के लिए मदरसा प्रबंधकों को अपने आंदोलन में शामिल करने की

जरूरत बताई। आजादी तक मदरसों ने देष को बहुत से महत्वपूर्ण लोग दिये हैं। मदरसों में अंग्रेजी पढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए जाफरी साहब ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआईओएस) में मदरसों के बच्चों को शामिल करने के फायदे बताये। उन्होंने एनआईओएस में भर्ती होने की प्रक्रिया भी बताई। उन्होंने समाज के पढ़े लिखे लोगों को मदरसों में जोड़ने की जरूरत भी बताई और कहा कि रिटायर्ड लोग मदरसों में पढ़ा सकते हैं, बस इसके लिए मदरसा प्रबंधकों को थोड़ी कोषिष करनी होगी। डा. मुज्जमिल हुसैन कासमी ने एनआईओएस के फायदों और पाठ्यक्रम के बारे में जाफरी साहब की बातों से सहमति प्रकट की। सुश्री रत्ना माथुर ने षिक्षा के उत्पादों के मामले पर कहा कि बाजार के लिए हमें अपनी संस्कृति और बेहतरीन मानव मूल्य छोड़ने की जरूरत नहीं है, पर बाजार के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए हमें बीच का एक रास्ता निकालना होगा।

आधुनिक युग की जरूरतें

दूसरे सत्र के पहले वक्ता दिल्ली विष्वविद्यालय के डा. नईमुल हसन ने आधुनिक युग में मदरसा पाठ्यक्रमों पर अपना पर्चा पेष किया। उन्होंने बताया, 'भारत में मदरसे दो प्रकार के हैं।

बिहार, बंगाल, झारखंड, असोम, उत्तर प्रदेष और केरल में कुछ मदरसे राज्य सरकारों से जुड़े हैं। छोटे होने के बावजूद इनको राज्य सरकार से तनख्वाहें तथा दूसरी सहायता मिलती है। ये इस्लामी अध्ययन के साथ राज्य सरकार द्वारा स्कूलों या कालेजों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं। समुदाय आधारित मदरसे चार प्रकार के हैं—मकतब, दारुल कुरान, मदरसा और जामिया। इनका स्तर क्रमषः स्कूल, हाई स्कूल, कालेज और विष्वविद्यालय के बराबर है। हालांकि आम आदमी इन सबको मदरसा कह देता है, पर यहां हमारी चर्चा दूसरे प्रकार के 'मदरसों' के बारे में है जो मुसलमानों के पैसे से और उनके द्वारा चलाये जाते हैं..... अनेक प्रसिद्ध इस्लामी संस्थानों और मदरसों का पाठ्यक्रम बहुत अच्छा है तथा भारत के

ज्यादातर गैर–सरकारी मदरसे इनसे किसी न किसी तरह जुड़े हैं। इन संस्थानों में दारुल उलूम देवबंद, दारुल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ, जयपुर का जमीयतुल हदीया, बनारस का जामिया सलफिया और मुबारकपुर का जामिया अषरफिया शामिल हैं। इन सभी मदरसों और जमीयत का समग्र पाठ्यक्रम दर्से निजामी पर आधारित है। दारुल उलूम देवबंद का मौजूदा पाठ्यक्रम चार स्तरों का है और इसमें छात्रों को उर्दू, फारसी, हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भूगोल, अरबी व्याकरण एवं वाक्य रचना पढ़ाई जाती है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए लखनऊ के नदवतुल उलेमा ने अपने पाठ्यक्रम में दूरगामी परिवर्तन किये हैं। इसमें उत्तर प्रदेष बोर्ड के समान ही अंग्रेजी पढ़ाई जाती है।.....जमीयतुल हिदिया, जयपुर के पाठ्यक्रम में हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान तथा गहन तकनीकी प्रषिक्षण शामिल है। जामिया स्तर पर आधुनिक विज्ञान बाकी कालेजों के स्नातक स्तर की तरह हैं तथा तकनीकी षिक्षा भी सार्टिफिकेट कोर्स के समान है। इसी तरह जामिया सलफिया, बनारस के पाठ्यक्रम में अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, सामाजिक विज्ञान और कुछ तकनीकी प्रषिक्षण शामिल है।'

मदरसा षिक्षा की समस्यायें बताते हुए डा. नईमुल हसन ने सभी मदरसों को नियंत्रित करने वाली केन्द्रीय एजेंसी न होने, बड़े मदरसों में आधुनिक षिक्षण विधियों का प्रयोग न होने तथा यहां के छात्रों में आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने की योग्यता न होने को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सार्थक शोध और खोज मदरसों के लिए पुराने जमाने की बात हो गई है। मौजूदा उलेमाओं को पुराने स्वर्णिम काल से सबक लेना चाहिये नहीं तो बहुत देर हो जायेगी। आधुनिक ज्ञान न होने के कारण मदरसों के स्नातक न अपनी आर्थिक हालत बेहतर कर पाते हैं और न मुस्लिम समाज को रास्ता ही दिखा पाते हैं। मदरसों की ज्यादातर डिग्रियों को अलीगढ़ मुस्लिम विष्वविद्यालय और जामिया मिलिया के धर्मषास्त्र विभागों के अलावा कहीं मान्यता नहीं मिलती है। इन डिग्रियों के बाजार में बेकार होने की वजह से उनका कोई व्यावहारिक मूल्य नहीं होता है। मुस्लिम विचारकों का एक तबका वर्तमान जरूरतों को देखते हुए मदरसा षिक्षा के आधुनिकीकरण के पक्ष में है, पर वे मुष्किल से ही उन कट्टर इस्लामवादियों की खिलाफत करते हैं जो इस्लामी मदरसों को आधुनिक बनाने के बजाय आधुनिक षिक्षण संस्थानों को मुस्लिम बनाने की पैरवी करते हैं। मदरसों के षिक्षकों का वेतन बहुत कम और लगभग नगण्य है। इसके कारण मदरसों में अच्छी गुणवत्ता वाली षिक्षा बहुत मुष्किल है। वास्तव में मदरसे आने वाले छात्र बहुत गरीब तबके के होते हैं और ज्यादातर मदरसों द्वारा मुफ्त आवास सुविधा के कारण यहां पढ़ना ऐसे छात्रों के लिए सुविधाजनक होता है।

मदरसा षिक्षा की समस्यायें हल करने के लिए डा. नईमुल हसन ने अनेक सुझाव भी दिये जिनमें मदरसों द्वारा मौजूदा बदलावों के बारे में छात्रों को बताना, पाठ्यक्रम में समय के अनुसार बदलाव, विभिन्न मदरसों के बीच सहयोग, सीबीएसई की तरह एक केन्द्रीय मदरसा बोर्ड की जरूरत, मदरसों में आधुनिक व एलेक्ट्रानिक उपकरणों की जरूरत तथा मदरसा प्रबंधकों के बीच एक समन्वय समिति बनाने की बाते प्रमुख थीं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि हाल ही में केन्द्रीय सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा भविष्य में केन्द्रीय मदरसा बोर्ड बनाने की घोषणा अच्छा कदम है। इससे भारत में मदरसों की षिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बहुत से मदरसों में अच्छा पाठ्यक्रम होने के बावजूद उसके सही अमल में गड़बड़ी होती है। बहुत सी जगहों पर सरकारी पैसा आने के बाद जैसे मदरसा प्रबंधकों की

जवाबदेही ही खत्म हो गई है, अब जवाबदेही न खुदा के लिए है न सरकार के लिए। बहुत से लोग इसी डर से सरकारी आर्थिक सहायता नहीं लेना चाहते हैं कि आडिट शुरू हो जायेगा। मसलकों के मामले में उनका कहना था कि जिस तरह राज्य का कोई मजहब नहीं होना चाहिये उसी तरह मदरसों का कोई मसलक नहीं होना चाहिये। सभी मदरसों के पाठ्यक्रम का गहराई से अध्ययन करने के बाद उनमें यकसानियत लाने के लिए यह सोच जरूरी है। इसके लिये मदरसा चलाने वालों के साथ बैठकें और कार्यषालायें करने की जरूरत है।

पाठ्यक्रम में एकरूपता

दूसरे सत्र के दूसरे वक्ता श्री शकील सिद्दीकी उर्दू व हिन्दी के कहानीकार, लेखक तथा दोनों भाषाओं में परस्पर अनुवाद के क्षेत्र में सुप्रतिष्ठित विद्वान और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने मदरसों में पढ़ाई जाने वाली किताबों का एक तुलनात्मक अध्ययन भी किया है जिसे राष्ट्रीय स्तर की एक प्रतिष्ठित पत्रिका ने छापा है। अपने पर्चे में उन्होंने मुष्किलों के बावजूद पाठ्यक्रम की यकसानियत की जरूरत पर जोर देते हुए ऐसा करने के तरीकों पर सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा, 'मदरसों के पाठ्यक्रम में यकसानियत इसलिये भी जरूरी है कि इसमें तालीम हासिल करने वाले बच्चों के लिए यह व्यवस्था लाभदायक सिद्ध हो सके। हमें याद रखना चाहिये कि 18वीं शताब्दी में दर्से निजामी की शुरुआत मदरसा तालीम में यकसानियत लाने और उसे ज्यादा उपयोगी बनाने के लिए ही की गई थी। किन्हीं मजबूरियों या परेषानियों के कारण एक मदरसे से दूसरे मदरसे में जाने की हालत में पाठ्यक्रम में एकरूपता के फायदे ज्यादा साफ हो जाते हैं। हम सभी जानते हैं कि अकेले उत्तर प्रदेष में ही एक साथ कई तालीमी बोर्ड काम कर रहे हैं....एक बोर्ड से दूसरे बोर्ड में जाने पर होने वाली दिक्कतों का तजुर्बा बहुत से लोगों को होता है। केन्द्रीय बोर्डों से सूबाई बोर्डों में आने वाले बच्चों को माध्यम बदलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।....मदरसा तालीम में यकसानियत की कमी पर नजर डालने से पता चलता है कि मुल्क और सूबे की तो बात छोड़िये एक–एक जिले के अलग–अलग मदरसों में अलग–अलग पाठ्यक्रम चलता है। कहीं दारुल उलूम का तो कहीं नदवतुल उलेमा का, कहीं मरकजी मक्तवाये इस्लामी का तो कहीं मजहारूल उलूम का। उत्तर प्रदेष दीनी तालीमी कौंसिल का भी एक पाठ्यक्रम है और काफी मदरसे इससे जुड़े हैं। इसी तरह सूबाई अरबी फारसी बोर्ड का अलग पाठ्यक्रम है। मजेदार बात है कि कहीं–कहीं मुदर्रिस खुद ही अपनी मर्जी से पाठ्यक्रम तय कर लेते हैं।' उन्होंने अलग–अलग पाठ्यक्रमों में इस्लाम के अलग–अलग मसलकों के हिसाब से भिन्नताओं का भी जिक्र किया। हालांकि, मतभेदों का मामला इतना संगीन नहीं है पर यकसानियत की बात करते हुए हमें इसे ध्यान में रखना होगा। हर मसलक को अपनी बात कहने

का हक है क्योंकि हमारे देष के संविधान ने हर शहरी को हक दिया है कि वह अपने मजहबी रसूमात अपने अकीदे के हिसाब से अदा करने और इस तरह से षिक्षा देने के लिए आजाद है।

शकील साहब ने खुषी जाहिर की कि अब मदरसों में सहषिक्षा का रिवाज बढ़ रहा है और ज्यादातर प्राइमरी स्तर पर लड़के लड़कियां साथ पढ़ रहे हैं। इसके बारे में कट्टरपंथियों का विरोध भी पहले जैसा कड़ा नहीं रह गया है। पाठ्यक्रम में एकरूपता पर बात करते समय हमें इस बात पर भी जरूर गौर करना चाहिये कि इनमें लड़कियों के लिए जरूरी कुछ खास हुनर जरूर शामिल किये जायें। उन्होंने साफ कहा कि 'यों तो मेरे ख्याल से लड़के–लड़कियों के लिए शैक्षणिक पाठ्यक्रम में कोई फर्क नहीं होना चाहिये। फिर भी लड़कियों की तालीम को खास अहमियत देने या उनको मदरसों की ओर आकर्षित करने के लिए अगर कुछ खास चीजों को पाठ्यक्रम में शामिल करना जरूरी महसूस हो तो उस पर गहराई से गौर करने के बाद ही कोई फैसला लेना चाहिये। प्राइमरी स्तर पर पाठ्यक्रम में एकरूपता लाने के लिए उसका ढांचा ऐसा बनाया जाये कि मदरसों में पढ़ने वाले छात्र अपनी पढ़ाई के बाद अगर दूसरे बोर्डों या गैर–मजहबी तालीम में जाना चाहें तो उनको दिक्कत न हो।' मदरसा षिक्षा में दीनी तालीमी कौंसिल की कोषिषों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने पाठ्यक्रम में जरूरी बदलावों की समझदारी पैदा की, अपने मदरसे भी खोले और आधुनिक पाठ्यक्रम भी लागू किये। इसलिये पाठ्यक्रमों में एकरूपता लाने के प्रयासों में हमें इस कौंसिल का सहयोग हासिल करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिये।

गुजरात के मदरसे

इस सत्र के अन्तिम वक्ता गुजरात से पधारे डा.हाजीभाई बादी, लोकभारती संस्था से जुड़े हैं। डा.बादी पी0टी0सी0 कालेज, भावनगर में प्रोफेसर हैं और मदरसा षिक्षा तथा षिक्षक प्रषिक्षण में उनका लंबा अनुभव है।

पूरे देष में षिक्षा की स्थिति पर सरसरी नजर डालते हुए उन्होंने कहा, 'भारत की 11 पंचवर्षीय योजनाओं में उच्च षिक्षा को ही केन्द्र में रखा गया था। इसके लिए बजट को बढ़ा कर 7.7 प्रतिषत से बढ़ाकर 15 प्रतिषत कर दिया गया है। इसकी वजह से आईआईटी और आईआईएम से टेक्नोक्रेट और प्रषासक पैदा हो रहे हैं। भारत विष्व में आर्थिक ताकत के रूप में उभर रहा है। भारत में हर साल 25 लाख स्नातक पैदा होते हैं, जो सारे भारतीय युवा वर्ग के केवल 10 प्रतिषत हैं। इसका मतलब है कि 90 प्रतिषत की षिक्षा का कोई ठिकाना देष में नहीं है। सोचने से पता चलता है कि इसके मूल में प्राथमिक षिक्षा की अपर्याप्त व्यवस्था है।.....भारतीय संसद ने 2002 में 82वें संषोधन द्वारा प्राथमिक षिक्षा को मूलभूत अधिकार का दर्जा दिया है, पर हालत क्या है? भारत की कुल आबादी में 40 प्रतिषत निरक्षर हैं यानि कि 1.7 अरब में 42.80 करोड़ लोग निरक्षर हैं।

इनमें महिलाओं में 54 प्रतिषत और पुरुषों में 75 प्रतिषत लोग साक्षर हैं। बाकी के बारे में हम क्या सोचते हैं?....देष में 11,24,033 पाठषालायें काम कर रही हैं। इनमें 1,22,355 पाठषालाओं में एक षिक्षक है जबकि 21,899 पाठषालाओं में एक भी षिक्षक नहीं है। 32,000 पाठषालाओं में एक भी विद्यार्थी पढ़ने नहीं आता है। देष की 90,000 पाठषालाओं में ब्लैकबोर्ड तक नहीं है। आज भी देष के 19 करोड़ 4 लाख बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं। यह भारत के आम समुदाय की बात है। मुस्लिम समुदाय की तो बात ही क्या करें?'

गुजरात की स्थिति के बारे में डा. हाजीभाई ने बताया कि वहां मुसलमानों की आबादी बहुत कम है। मदरसे भी बहुत कम और मस्जिदों से जुड़े हैं। बच्चे सवेरे मदरसे जाते हैं और बाद में स्कूल। वहां कोई मदरसा बोर्ड नहीं है। मदरसों में दीनी तालीम हर मसलक की अलग–अलग है, पर दुनियाबी तालीम सभी जगह गुजरात बोर्ड की है। कुछ मदरसे केवल दीनी तालीम ही देते हैं। मुस्लिम समाज षिक्षा के मामले में हाषिये पर है। उन्होंने कहा, 'गुजरात में एनसीईआरटी की स्थापना 1988 में हुई थी।... गुजरात के मदरसों में एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम चलता है। इसके लिये कोई अलग पाठ्यक्रम नहीं है, क्योंकि गुजरात में मदरसों की संख्या बहुत कम है। ..... अल्लाह के महान पैगम्बर मोहम्मद साहब ने फर्माया है कि –हर मुस्लिम मर्द और औरत को इल्म सीखना फर्ज अैन है और आगे फरमाया कि–इल्म सीखने हेतु चीन तक भी जाना चाहिये। इतने महत्वपूर्ण आदेष के बावजूद भी हम सोते हैं, कब तक सोयेंगे?' षिक्षक प्रषिक्षण के अपने अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि षिक्षा कार्य आधारित, आनन्ददायी, प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर, जीवनोपयोगी, गुणवत्तापूर्ण तथा शारीरिक षिक्षा व संगीत को समाहित करने वाली होनी चाहिये। उन्होंने छात्रों के माता–पिता के साथ बैठकें करने और षिक्षक प्रषिक्षण के नवीनीकरण पर जोर दिया। डा. हाजीभाई ने साफ कहा कि मुस्लिम समाज को भारतवर्ष का सषक्त नागरिक बनना चाहिये जिसके लिये हमें मुख्यधारा के अनुकूल बनना जरूरी है।

समस्यायें और सुझाव

दूसरे सत्र के बाद खुला सत्र आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी समस्यायें बताई जिनके जवाब वक्ताओं तथा इस सत्र की अध्यक्षता कर रहे डा. मुजम्मिल हुसैन कासमी ने दिये। प्रतिभागियों ने सेमिनार के बाद काम करने के बारे में अनेक सुझाव भी दिये। षिक्षा जगत से लंबे समय से जुड़े रहे, बाराबंकी निबलेट कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य मुहम्मद जियाउल खान वारसी ने जानना चाहा कि मातृभाषा किसे माना जाये? इस सवाल पर काफी प्रतिभागियों ने अपना नजरिया सामने रखा।

एक प्रतिभागी का कहना था कि त्रिभाषा फार्मूले के हिसाब से बच्चा मां से जो भाषा सीखता है वही उसकी मातृभाषा समझी जानी चाहिये। इस पर सवाल उठा कि यदि द्विभाषी परिवार यानी मां और बाप की अलग–अलग भाषा हो तो बच्चे की मातृभाषा क्या मानी जायेगी? यह दिक्कत भी सामने आई कि अगर उर्दू षिक्षक नहीं है और बच्चा स्कूल व आसपास के माहौल से हिन्दी या कोई दूसरी भाषा बोलना सीखता है तो उसकी मातृभाषा क्या होगी? आखिरकार खुद वारसी साहब ने ही नतीजा निकाला कि कोई आदमी जिस जुबान में सोचता है और वह उसके माने नहीं पूछता वही उसकी मातृभाषा होनी चाहिये। गिरि विकास अध्ययन संस्थान, लखनऊ के प्रो. एस. एस. ए. जाफरी ने उत्तर प्रदेष में अपने संस्थान द्वारा कराये मुस्लिम समाज के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि लगभग 4–5 प्रतिषत बच्चे मदरसे जाते हैं जबकि 35 प्रतिषत बच्चे कहीं पढ़ने नहीं जाते हैं बल्कि काम करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़कियों के मदरसों में महिला षिक्षक होनी चाहिये। उन्होंने सवाल किया कि पहले खाते–पीते मुस्लिम परिवारों के घरों में लड़कियों के मदरसे चलते थे, आज ऐसा क्यों नहीं हो रहा है? सत्र की अध्यक्षता कर रहे मुजम्मिल साहब ने कहा कि मदरसों को एनआईओएस से जोड़ना चाहिये तब षिक्षकों को वेतन मिलेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार के एक आदेष का भी जिक्र किया जिसके अनुसार पंजीकृत मदरसों में स्नातक षिक्षक के लिए 6000 और प्रषिक्षित षिक्षक के लिए 12000 रुपये वेतन मिल सकता है। केन्द्रीय मदरसा बोर्ड बनाने के मामले पर हालिया मतभेद और विरोध के बारे में एक प्रतिभागी के सवाल पर उन्होंने बताया कि बहुत से लोगों में शक है कि अगर सरकार पैसा देगी तो दीनी तालीम से छेड़छाड़ करेगी। भले ही इस शक की बुनियाद मजबूत न हो पर एक सच्चाई यह है कि सरकारी पैसा मिलने के बाद मदरसे का कामकाज ठप हो जाता है। इसके बारे में भी गहराई से सोचने की जरूरत है। अब्दुल रज्जाक नदवी ने सुझाव दिया कि नालन्दा और ऐसी संस्थाओं के लोग सारे मदरसा पाठ्यक्रमों का गहराई से अध्ययन कर एक पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने नालन्दा से हर जिले में अपना एक माडल मदरसा खोलने का भी अनुरोध किया ताकि दूसरे लोग इसके नक्षेकदम पर चल सकें। एक प्रतिभागी ने कहा कि हमें जामिया के अनुभव से सबक लेना चाहिये। एक अन्य प्रतिभागी का मानना था कि दुनियाबी षिक्षा के लिए सीबीएसई और एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम अपना लेना बेहतर होगा तथा लड़कियों की षिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

सेमिनार के अन्त में नालन्दा मदरसा षिक्षा कार्यक्रम के संयोजक आसिम सिद्दीकी ने विषिष्ट अतिथियों, सभी प्रतिभागियों तथा सहभागी षिक्षण केन्द्र को धन्यवाद देते हुए मदरसा षिक्षा में पाठ्यक्रम की एकरूपता लाने व उसे बेहतर बनाने के लिए नालन्दा की ओर से लगातार प्रयासरत रहने का वादा किया।

सेमिनार के मुख्य सुझाव

- मदरसों में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रम/पुस्तकों का अध्ययन होना चाहिए। जिससे पाठ्यक्रम में निहित दक्षताओं को समझा जा सके।
- विभिन्न पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर उनके माडल प्रारूप तैयार किए जाएं इन माडल प्रारूपों के आधार पर एक विजन विकसित किया जाए और इस विजन को ध्यान में रखते हुए रिसोर्स पर्सन तैयार किए जाएं और ये रिसोर्स पर्सन प्रषिक्षण दें।

- नया पाठ्यक्रम प्रारूप बनाने के लिए अलग–अलग मसलक के जानकार व षिक्षाविद की मदद ली जाए।
- मदरसों में प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम में एन0सी0ई0आर0टी0 एवं राज्य सरकार के बेसिक षिक्षा परिषद के पाठ्यक्रम में निहित दक्षताओं का भी समावेष किया जाए।
- प्राथमिक स्तर के पाठ्यक्रम विषेषकर असरी तालीम को मसलक से अछूता रखा जाए बल्कि बच्चों की विषयगत दक्षताओं को केन्द्र बिन्दु में रखना चाहिए।
- एक समान प्राथमिक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए मदरसों को जागरूक बनाने की जरूरत है इसके लिए ब्लाक अथवा जिला स्तर पर बातचीत षुरू करने की जरूरत है।
- पाठ्यक्रम में लड़कियों के लिए उनकी जरूरियात के मुताबिक दक्षताओं का समावेष हो।

Papers Presented in Seminar

Revamping Madrasa Curriculum at Elementary Level of Education : An Experiment with Selected Madrasas of Delhi.

(Muzammil Husain Quasmi, Asstt. Professor, Deptt. Of TT&NFE (IASE), Jamia Millia Islamia, New Delhi)

Introduction

Madrasas are the lifelines of Muslim community in India. "Madrasa is an institution of learning, where Islamic sciences including literary and philosophical ones are taught" (Encyclopaedia of Islam - Leiden E.J.Brill). Avowed aim of madrasa education is to inculcate the belief and practice of Islam among its followers and guide them to follow Kuran and traditions of the Prophet. The foundation of Madrasa education is therefore, basically standing on two pillars of Quran (Collection of God's revelations to Prophet Mohammad) and Sunna (Tradition of Prophet Mohammad). Madrasas are working under the Constitution's Article 29 (1) and Article 30 (1). Any tampering with their system and syllabus is wrong. The Constitution has given the minorities the right to open and run institutions of their choice.

Today, the *Madrasa* system of education is prevalent in large parts of West, Central, and South Asia. The number of *Madrasas* in India is estimated to be between thirty to forty thousand. According to the Ministry of Home Affairs, Government of India, there are 721 *Madrasas* catering to over 1,20,000 children in Assam, 1,825 *Madrasas* catering to over 1,20,000 children in Gujarat, 961 for 84,864 children in Karnataka, 9,975 for 7,38,000 children in Kerala, 6,000 for over 4,00,000 children to Madhya Pradesh and some 1,780 catering to over 25,000 children in Rajasthan. In Uttar Pradesh, the number of *maktabs* is more than 15,000 and *Madrasas* over 10,000 and there are 3,500 *Madrasas* is Bihar. Similar are the figures for the other States of India. Except in some parts of Kerala, these *Madrasas* cater strictly to Muslim children. Ever since their emergence, the *Madrasas* have persisted with a curriculum that has seen few changes. The fact that literally lakhs of Muslim children acquire their primary, and perhaps their only formal education, in these *Madrasas* where only literature and Islamic studies with a cursory knowledge of social sciences. The format of the education imparted to the students of Madrasas ought to be modified keeping in view the shifting demands of the employers – a concern which can no longer be under-played. And this is perfectly possible without an erosion of the cultural and religious identity. The role being played by Madrasa education system in India was reflected in the enthusiastic participation during the two-day national seminar (March 29-30, 2008) held at the Jawaharlal Nehru University (JNU). While it was accepted that the madrasa education system has produced some scholars of international fame, it was also pointed out that majority of *talaba* remains deprived of job opportunities. At the same time, attention was also paid to the fact that only Madrasas should not be held responsible for the weaknesses the country's education system is suffering from. The government schools reaching out to poor people in rural areas can from no angle be held to be centers of ideal means of education. It was also pointed out that a negative image held about Madrasas was not absolutely correct.

Revamping of Madrsa Curriculum is not a new idea. Maulana Azad himself established a Madrasa Islamia in Ranchi where he introduced English and Mathematics inspite of severe opposition to English.

Need of the Study

In this context it becomes necessary to stress that science education, coupled with modern technology, if put to proper use in *madrasas*, could probably make education more meaningful. In modern times, there has been a paradigm shift in the business of education from 'teaching' to 'learning'. Madrasas are no longer exception to this. It is a demonstrated fact that much learning can happen if the student is left to himself in the proper environment, with the proper resources, tools, and most of all, with proper guidance. Fundamental changes in the educational system may be possible, and indeed essential.

Keeping these views in mind, the Department of Teacher Training and Non Formal Education took a pioneer project to study the Madrasas of Delhi. An intensive survey of 380 Madrasas and Maktabs carried out under the leadership of Prof. M. Akhtar Siddiqui the present Chairman of NCTE. Simultaneously, 21 days in-service teacher training programme started for Madrasa teachers to orient them towards modern methods of teaching. Few selected topics from science, social science, English and Math were also introduced to arouse their interest in these subjects. Besides, computer training were also imparted to them. These teachers served as a catalyst adopt modern subjects, technology and methods of teaching in their respective institutions. As a result a very positive change took place intertwined with government Madrasa Modernization Scheme. The scheme of Financial Assistance for Modernisation of Madrasa Education has formulated with a view to providing financial assistance for introducing science, mathematics, social studies, Hindi and English in the curriculum of madarasas and Muktabs. It wassaid that this scheme will help to initiate the process of Modernisation of these traditional institutions and cent per cent assistance will be given by the Ministry to such institutions for appointment of qualified teachers for teaching the new subjects to be introduced. The scheme is being implemented through the State Governments.

Survey Results
Enrolment N=254

Age Group	Boys	Girls	Total
6 – 11 years	13,766	9,688	23,454
11 – 14 years	8,880	3,784	12,664
